


डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

बिहार

दैनिक



पटना, 02 मार्च, गुरुवार, 2023

## संपादक की कलम से



हमारे कांग्रेस कार्यकर्तागण हम अपने तमाम जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों और तमाम कार्यकर्ता से निवेदन करते है कि कांग्रेस दर्पण में अपने जिले और प्रखंड अस्तर की खबर को भेजें जिसे हम प्रमुखता से स्थान देते हैं, यहां कोई भी छोटा और बड़ा नही समझा जाता। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी को एक ताकतवर अध्यक्ष प्राप्त हुआ है और ऐसे में हम कार्यकर्ताओं की जवाबदेही है कि कांग्रेस से जुड़ी हर बात की जानकारी माननीय अध्यक्ष और तमाम कार्यकर्ताओं तक पहुंचाएं।




कांग्रेस दर्पण जिसमें एक सशक्त माध्यम है। आज के इस डिजिटल दुनिया में कांग्रेस दर्पण का निर्माण कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान करने की एक पहल है अकबर इलाहाबादी ने कहा था-

**'ना बम निकालो ना तलवार निकालो जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो'**

-डॉ0 संजय कुमार,
संपादक, कांग्रेस दर्पण सह काँग्रेस कार्यकर्ता। संपर्क -8252667278




कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के लिए नई सोच का आह्वान किया



**बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री माननीय श्री नीतीश कुमार जी को जन्मदिन की अनंत शुभकामनाएं। मैं ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना करता हूँ।**

**-डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह**

# राहुल गांधी ने कैम्ब्रिज में दिया लेक्चर, बोले- दुनिया में लोकतांत्रिक माहौल जरूरी

पटना | कांग्रेस दर्पण, इंजीनियर मोहिउद्दीन खान

राहुल गांधी ने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में कहा कि दुनिया में लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं का बहुत महत्व है. उन्होंने कहा कि 'सुनने की कला' बहुत शक्तिशाली होती है.कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के लिए नई सोच का आह्वान किया. उन्होंने अपने भाषण में

हम एक ऐसी दुनिया की कल्पना नहीं कर सकते जहां लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं नहीं हों. उन्होंने दुनिया में लोकतांत्रिक माहौल को बढ़ावा देने के लिए एक ऐसी नई सोच का आह्वान किया जिसे थोपा नहीं जाए.गांधी 'कैम्ब्रिज जज बिजनेस स्कूल' (कैम्ब्रिज जेबीएस) में विजिटिंग फेलो हैं. उन्होंने यूनिवर्सिटी में '21वीं सदी में सुनना सीखना' विषय पर लेक्चर देते हुए कहा, 'हम एक ऐसी दुनिया की कल्पना नहीं कर सकते जहां लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं नहीं हों.' उन्होंने कहा, 'इसलिए, हमें इस बारे में नई सोच की जरूरत है कि आप




बलपूर्वक माहौल बनाने के बजाय किस तरह लोकतांत्रिक माहौल बनाते है.'


**दुनिया में लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं का बहुत महत्वः** उन्होंने कहा कि 'सुनने की कला' बहुत शक्तिशाली होती है. गांधी ने कहा कि दुनिया में लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं का बहुत महत्व है. लेक्चर में भारत जोड़ो यात्रा का भी जिक्रकिया। भारतीय प्रवासी से भी मिलेंगे राहुल गांधी जी।

**भारत जोड़ो यात्रा के बाद पहली बार नए लुक में दिखे राहुल गांधीः** भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अपने लंबे बाल और दाढ़ी वाले लुक में दिखने के बाद राहुल गांधी का नया लुक सामने आया है। भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल गांधी पहली बार कोट–पेंट में दिखे है। यह लुक उन्होंने लंदन में कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम में पहुंचने से पहले ही रखा है। राहुल गांधी की एक तस्वीर भी सामने आई है, जो अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है, जिसको उसके फैंस भी खूब पसंद कर रहे हैं।

## राहुल गांधी जी पहुंचे University of Cambridge. #CambridgeUniversity
## भारत जोड़ो यात्रा के बाद नए लुक में नज़र आये







# एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार का बयान स्वागत योग्य :डॉ. चंद्रिका प्रसाद यादव

**शरद पवार ने कहा है कि कांग्रेस के नेतृत्व में बनने वाले महागठबंधन में एनसीपी एक सहयोगी के रूप में काम करने को तैयार है**




पटना । कांग्रेस दर्पण


जाने माने शिक्षाविद् एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पॉलिटिकल अफेयर कमिटी के सदस्य डॉ चंद्रिका प्रसाद यादव ने शरद पवार के उस बयान का स्वागत किया है, जिसमें शरद पवार ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व में बनने वाले महागठबंधन में एनसीपी एक सहयोगी दल के रूप में काम करने को तैयार है। श्री पवार ने यह भी कहा कि 2024 में केंद्र की वर्तमान फासीवादी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकना जरूरी है। इसके लिए सभी छोटे बड़े दलो को कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में एक साथ आना आज के समय की मांग है। क्योंकि अगर ऐसा नहीं हुआ तो इस देश का लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। शरद पवार द्वारा दिए गए इस बयान पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए डॉ चंद्रिका प्रसाद यादव ने कहा कि पवार साहब का यह बयान अत्यंत ही सराहनीय और स्वागत योग्य है। उन्होंने इसके लिए शरद पवार का आभार भी जताया।



इस दौरान श्री यादव ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में देश के छोटे बड़े लगभग वैसे सभी धर्म निरपेक्ष राजनीतिक दल, एक एक कर अपना भरोसा और विश्वास जता रहे हैं। जो यह चाहते हैं कि किसी भी स्थिति में बीजेपी जैसी देश को बांटने और तोड़ने वाली पार्टी को सत्ता से बेदखल होना चाहिए। ऐसे सभी पार्टियों का कांग्रेस स्वागत करती है। साथ ही उनके भरोसे और विश्वास से यह साफ हो रहा है कि 2024 में किसी भी स्थिति में केंद्र की वर्तमान सत्ता को उखाड़ फेंका जायेगा।




'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' का संकल्प साकार हो रहा है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार पशुपालकों से गोबर की खरीदी कर आय का अतिरिक्त स्त्रोत बना रही है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार का हर कदम पशु पालकों के चेहरों पर मुस्कान ला रही है।




कांग्रेस सरकार के नेक इरादे हैं, हम पूरे कर रहे वादे हैं। राजस्थान कांग्रेस सरकार ने 9 लाख किसानों का बिजली बिल शून्य कर किसानों को आर्थिक संबल दिया है, चेहरों पर मुस्कान लौटाई है।

राजस्थान के किसान कह रहे हैं– वाह कांग्रेस।

# नीतीश के हाथ में ‘सदन में लालू प्रसाद’

## जन्मदिन पर लगा रहा शुभकामनाओं का तांता

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

वीरेंद्र यादव, राजनीतिक विश्लेषक, पटना

अपने पाठकों से आग्रह करेंगे कि वीरेंद्र यादव न्यूज के मार्च अंक यानी होली विशेषांक में विज्ञापन के रूप में शुभकामना विज्ञापन देने का कष्ट करेंगे। आप अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का भी विज्ञापन दे सकते हैं। विज्ञापन के रूप में आप से प्राप्त आर्थिक मदद ही पत्रिका की निरंतरता का संबल है। हम पाठकों से व्यक्तिगत रूप से विज्ञापन का आग्रह करेंगे, आप खुद भी विज्ञापन दे सकते हैं। हम पत्रिका के निर्बाध प्रकाशन के लिए अनुदान भी स्वीकार करते हैं। - संपादक

--------------



विधान मंडल के गलियारे में बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन की धूम रही। हर कोई मुख्यमंत्री से मिलकर बधाई देना चाह रहा था। विधान सभा और परिषद स्थित सीएम चैंबर में मिलने वालों का तांता लगा रहा। हम 2 बजे से थोड़ी देर पहले विधान सभा स्थित सीएम चैंबर में पहुंचे। मुख्यमंत्री को वीरेंद्र यादव न्यूज की कॉपी देकर सामने वाली सीट पर बैठ गये। सभी दलों के विधायक आ रहे थे और उन्‍?हें शुभकामनाएं दे रहे थे। इस दौरान एक पत्रकार ने पूछा कि प्रधानमंत्री की ओर बधाई मिली या नहीं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्विट तो देखे हैं। इसी बीच जन्मदिन पर मिठाई की मांग उठ गयी। इस मांग की पूर्ति का जिम्मा भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी ने अपने कंधे पर उठाया। थोड़ी देर बाद जन्मदिन का डिब्बा दोनों सदनों में बांटा गया, लेकिन हम इस अवसर का लाभ नहीं उठा सके। हमने अपने पड़ोसी के डिब्बे में ही ‘डाका’ डाल दिया।

मुख्यमंत्री से मिलने वाले सभी लोग गुलाब या गुलदस्ता देकर शुभकामनाएं दे रहे थे। हमारे सामने संकट था कि जन्मदिन के मौके पर सीएम को क्या भेंट करें। फिर ध्यान में आया कि पुस्तक भेंट की जाये, पर कौन सी पुस्तक। हमारे पास पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के भाषणों का संकलन वाली पुस्तक उपलब्ध है। संजीव चंदन और मार्जिनलाइज्ड प्रकाशन द्वारा प्रकाशित और अरुण नारायण द्वारा संपादित पुस्तक का नाम है – सदन में लालू प्रसादः प्रतिनिधि भाषण। इस पुस्‍?तक को घर से लाना दूरी के कारण मुश्किल था। इसलिए संजीव चंदन और अरुण नारायण से बातचीत की। इस बातचीत में राह निकली कि जनशक्ति पुस्‍?तक दुकान में एक कॉपी उपलब्‍?ध है। वहां से पुस्‍?तक लेकर विधान सभा वापस आये। राज्‍?यपाल के अभिभाषण पर मुख्यमंत्री का भाषण चल रहा है। थोड़ी देर बाद उनका संबोधन समाप्त हुआ। हम प्रेस दीर्घा से निकलकर सीएम चैंबर के पास पहुंचे। मुख्यमंत्री के चैंबर में फिर मिलने और शुभकामना देने का सिलसिला शुरू हुआ। उसी क्रम हम भी सीएम चैंबर में गये। हमने उनके जन्मदिन पर पुस्तक भेंट की। इस दौरान हमने कहा कि इस पुस्तक में लालूजी के विभिन्‍?न सदनों में दिये गये भाषणों का संकलन है। आपके भी भाषणों का संकलन प्रकाशित है, उसी तरह यह संकलन भी है। उल्लेखनीय है कि विधान मंडल और संसद में नीतीश कुमार द्वारा दिये प्रमुख भाषणों का संकलन और संपादन सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र पाठक ने किया है।

लालूजी के भाषणों की पुस्तक भेंट करने मकसद यह भी था कि मुख्यमंत्री उनके सबसे करीबी सहयोगी रहे हैं। राजनीतिक और वैचारिक मतभेद के बावजूद आड़े वक्त में दोनों एक–दूसरे की मदद के लिए तैयार रहे हैं।

बुधवार को दिन भर दोनों सदनों की फेरी लगाते रहे। विधान परिषद स्थित उपमुख्यमंत्री चैंबर में वन एवं पर्यावरण मंत्री तेज प्रताप यादव से मुलाकात हुई, जबकि विपक्षी लॉबी में सर्वेश कुमार, राजेंद्र गुप्ता, दिलीप जयसवाल, अशोक अग्रवाल, जनक चमार, दिलीप सिंह, प्रमोद चंद्रवंशी आदि से मुलाकात हुई। विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा अभी अध्‍?यक्ष होने के भाव से मुक्त नहीं हुए हैं। अभी विपक्ष की भूमिका पूरी तरह आत्मसात नहीं कर पाये हैं। यह स्थिति विपक्षी दल के अनुकूल नहीं है। दोनों सदनों में विपक्ष द्वारा हंगामा और बहिष्कार का सिलसिला जमता और थमता रहा।

https://www.facebook.com/kumarbypatna

# रसोई गैस के जरिया जनता के जेब पर डाका डाल रही भाजपाः कमालुद्दीन रजा

**पटना । कांग्रेस दर्पण**



2014 से पहले कांग्रेस के सरकार में किसी भी जीवनयापन के सामग्री में 1 रू कीमत अगर बढ़ जाता था तो यही भाजपा सरकार नौटंकी का बाजार लगाकर बैठ जाती और चिल्लाती थी, आज जिस प्रकार से कभी डीजल पेट्रोल के दाम में बे तहाशा वृद्धि करके जनता के जेब पर प्रहार कर उद्धोगपत्यों के खजाना को भरने का काम कर रही तो कभी रोजमर्रा के सामग्री , आता , दाल, चावल , तेल का कीमत बढ़ाकर जनता को लूट रही और जनता के निवाले को छीनने का कार्य कर रही मोदी वाली मित्रकाल की सरकार। वहीं आज अचानक रसोई गैस के दाम में 50 रू की बढोतरी और कमर्शियल गैस में 350 बढ़ाकर फिर से जनता के जेब पर प्रहार किया , लेकिन जब यही भाजपा विपक्ष में थी तब रसोई गैस के दाम में 10 रू की बढोतरी होने पर ईरानी एक महिला थी जो गैस चूल्हा लेकर सड़क पर गला फार कर चीखती और चिल्लाती थी , आखिर आज वो नाटकीय महिला कहां है , और महंगाई पर एक शब्द बोलना जुर्म क्यों समझ रही ? कांग्रेस यही रसोई गैस 440 में देती थी , आज भाजपा उसी रसोई गैस को 1230 में दे रही , ऊपर से झूठ का पुलिंदा बनाकर उज्ज्वला योजना के नाम पर वोट की राजनीत भी करती है। शर्म से डूब मरे सरकार , अगर रसोई गैस के दाम को कम नही किया गया तो हम सभी युवा कांग्रेस कार्यकर्ता और सभी कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता सड़क से संसद तक महंगाई और बेरोजगारी और भाजपा के लूटनीति के खिलाफ हुंकार भड़ेंगे,

**कमालुद्दीन रजा युवा कांग्रेस जिला महासचिव सीतामढ़ी।**




## आवश्यक अनुरोध :

**बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के माननीय अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार कल दिनांक 02– 03 –2023 दिन गुरुवार के 03 बजे घरेलू और व्यवसायिक छ ढ॔ गेस की कीमत में हुई बृद्धि के खिलाफ प्रधान–मंत्री का पुतला दहन शंकर चौक ,सहरसा पर किया जायेगा ।**

**आप तमाम कांग्रेसजनों से अनुरोध है कि स समय शंकर चौक पर उपस्थित हों ।**

**–– कुमार हीरा प्रभाकर, जिला उपाध्यक्ष ।**

# बीजेपी नगर पालिका अध्यक्ष कांग्रेस में शामिल

पटना। कांग्रेस दर्पण

बैतूल जिले की मुलताई नगर पालिका की अध्यक्ष नीतू प्रहलाद सिंह परमार जी ने बीजेपी छोड़कर अपने 700 से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ जी के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

जय कांग्रेस, विजय कांग्रेस





# न्याय क़े साथ विकास क़े मन्त्र की झलक बिहार बजट

न्याय क़े साथ विकास क़े मन्त्र की झलक क़े साथ बिहार सरकार क़े वित्त मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी जी द्वारा पेश बजट 2023 एक समेकित बजट है जिसमें बिना कोई कर बढ़ाये राजस्व को बढ़ाने की योजना क़े साथ, केंद्रीय उपेक्षा क़े बाबजूद 11% की विकास दर हासिल करना अनुकरणीय है। बजट क़े माध्यम से दस लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने, विधानसभावार अतिरिक्त प्राङ्ग स्वाङ्ग केंद्र की स्थापना और सदर अस्पताल का मॉडिफिकेशन, जिला स्तर पर खादी मॉल की स्थापना, नगर निकाय क़े अंदर कन्वेंसन हॉल का निर्माण,, जल जीवन हरियाली, कन्या उत्थान की बिभिन्न योजनाओं की स्वीकृति जैसे कार्यक्रम सराहनीय है।

–रणजीत कुमार मुखिया जी पूर्व जिला सचिव बेगूसराय।



# भाजपा ने भारत को 30 साल पीछे चला गया

जीस रफ्तार से देश मे बेरोजगारी भूखमरी और महंगाई  भाजपा के सरकार मे बढते जा रही है उससे अईशा लगता है की अपना भारत 30 साल पीछे चला गया है जीस तरह से आज का भाजपा सरकार उद्योगपति को अहम मान कर उसका लोन लगातार माफ कर रही है आने बाली समय मे मीडियम क्लास लोगो के पैसे को बैक से गायब करने की साजिश हो रही है अगर जनता अभी नही जागी तो श्रीलंका और पाकिस्तान बनते देर नही लगेगी अपने देश को



# कांग्रेस में अनुशासन हीनता कतई बर्दाश्त नहीं है

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग चंदन जी के द्वारा पिछड़ा वर्ग के उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी के पद से डॉ गौतम कुमार जी को तत्काल प्रभाव से सभी पदों से हटाये जाने से सभी कार्यकर्ताओं को एक संदेश दिया गया कि कांग्रेस एक अनुशासित पार्टी है।और अनुशासन हीनता कतई बर्दाश्त नहीं है।ज्ञातव्य हो कि डॉ गौतम द्वारा बिहार प्रभारी श्री भक्त चरण दास जी के खिलाफ सार्वजनिक रूप से गलत भाषा का प्रयोग किया गया था।इसलिए कार्यकर्ताओ को जो शिकायत हो उसे सक्षम पदाधिकारी या उचित मंच पर ही उठाना चाहिए।

-सुरेश प्रसाद यादव, अध्यक्ष बिहार प्रदेश इंडियन कांग्रेस ब्रिगेड।



# महंगाई का अमृतकाल  अनम

बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि अनम सुलतान खान ने केंद्र सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 50 रुपया और कमर्शियल सिलेंडर पर 350 रुपया बढ़ाए जाने पर तीखा हमला बोला है, उन्होंने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से भी सवाल किया कि जब छढॅ सिलेंडर का दाम 400 रुपए से भी कम था तब स्मृति ईरानी सिलेंडर लेकर सड़क पर बैठ गई थी। आज सिलेंडर का दाम 1,100 रुपए से ज्यादा हो गया, क्या आज भी सड़क पर उतरेंगी? उन्होंने आगे कहा की जब होली से पहले मोदी सरकार ने जो जनता को महंगाई का गिफ्ट दिया है क्या उसके ख़िलाफ़ स्मृति ईरानी जी सड़कों पर उतरेंगी जैसे वो यूपीए सरकारों के दौरान किया करती थी या बस सत्ता हासिल करने के लिए उनका ड्रामा हुआ करता था ? यूपीए सरकारों में मामूली बढ़ोतरी होने पूरी की पूरी भाजपा सड़क पर आ जाती थी, आज जब महंगाई सातवें आसमान पर है और आम जन को घर चलाने में  परेशानी हो रही है तब स्मृति जी और भाजपा के किसी नेता का मुंह तक नही खुलता !



# सुन्नी वक्फ बोर्ड के सदस्य निर्वाचित होने पर बधाई



पटना | कांग्रेस दर्पण

कांग्रेस पार्टी के माननीय विधायक जनाब शकील अहमद खान साहब को एम एल ए – एम एल सी कोटे से बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के सदस्य निर्वाचित होने पर सुन्नी वक्फ बोर्ड के जिला इकाई जिला औकाफ कमेटी अरवल के सचिव और कांग्रेस नेता एडवोकेट निसार अख्तर अंसारी मुबारकबाद देते हुए यह उम्मीद जाहिर किया है कि जनाब शकील अहमद खान साहब के मेम्बर रहने से सुन्नी वक्फ बोर्ड तरक्की की नई उच्चाई को छुयेगी और वक्फ की जमीनों को अतिक्रमण से मुक्ति जरूर मिलेगा.जिला औकाफ कमेटी अरवल शकील साहब को मुबारकबाद देती है, बधाई देती है, बधाई देनेवालों में औकाफ कमेटी के अध्यक्ष पुर्व सरपंच हाजी इस्लाम अंसारी, उपाध्यक्ष मौलाना मिननतुल्लाह कासमी, संयुक्त सचिव मास्टर जमील अख्तर, वाहीद अली, हाफिज तुफैल अशरफ, मो कैफ, शब्बीर अहमद खान, सलाहुद्दीन अंसारी, कांग्रेस प्रवक्ता मो जावेद अख्तर शामिल हैं.

# मित्र काल' में बड़ी बेरहम हो गई है मोदी सरकार

## रसोई गैस 1,100 तो कॉमर्शियल सिलेंडर

पटना | कांग्रेस दर्पण


लूट तंत्र की सरकार लगातार देश की गरीब जनता की मेहनत की कमाई को लूट कर अपने मित्रों की जेब भरने में लगे बीते दिनों खाद्य पदार्थ पर जीएसटी लगाकर, दूध का दाम बढ़ाकर पेट्रोल डीजल के दामों में बढ़ोतरी कर जनता की मेहनत की कमाई को लूटा फिर आज जिस तरह रसोई गैस की कीमत पर ?50 तो वही कमर्शियल सिलेंडर पर सारे ?350 की वृद्धि करना यह यह साफ बताती है कि सरकार को जनता से कोई मतलब नहीं है जो सिलेंडर ?410 में कांग्रेस की सरकार देश की जनता को मुहैया कराती थी वही सिलेंडर मोदी जी आज 1100 के पार बेच रही है और वही जो कांग्रेस की सरकार सब्सिडी देती थी वह भी सब्सिडी आज बंद कर दी गई कहीं ना कहीं यह साफ दिखता है कि मोदी सरकार का मूल मकसद केवल जनता को लूटना है

जनता पूछ रही है,
अब कैसे बनेंगे होली के पकवान,
कब तक जारी रहेंगे लूट के ये फ़रमान ?



विशाल कुमार यादव
बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस



# घरेलू गैस मूल्यवृद्धि के खिलाफ कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन

**पटना।कांग्रेस दर्पण**

आज गया के स्थानीय टावर चौक पर कांग्रेस पार्टी नेताओ, कार्यकर्ताओं ने घरेलू गैस मूल्यवृद्धि के खिलाफ जम कर प्रदर्शन कर केंद्र सरकार से बेतहाशा वृद्धि को वापस लेने की मांग की।

प्रदर्शन में शामिल बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, उदय शंकर पालित, शिव कुमार चौरसिया, श्रवण पासवान, अमित कुमार सिंह उर्फ रिंकू सिंह ,सुरेंद्र मांझी, विनोद उपाध्याय, सुजीत कुमार गुप्ता, राजेश अग्रवाल, सरवर खान, खालिद अमीन, प्रद्युमन दुबे, राजकिशोर शर्मा, चंद्रभूषण मिश्रा, बाल्मिकी प्रसाद, जगरूप यादव, जितेंद्र यादव, आदि ने कहा की मोदी सरकार अपने नौ वर्षो के कार्यकाल में घरेलू गैस की कीमत को 417 रुपया से बढ़ा कर 1250 रुपया करते हुए सब्सिडी भी पूरी तरह खत्म कर दिया। नेताओ ने कहा की घरेलू गैस 1250 रुपया में खरीदने के बाद गरीब, मध्यवर्गीय परिवार के गृहिणियों के आंखों में आसूं छलक जा रहे है, उजवल्ला योजना वाले गैस खरीदना बंद कर कोयला , लकड़ी पर खाना बना रहे है। नेताओ ने कहा की अंतरराष्ट्रीय बाजार में डीजल, पेट्रोल, गैस का मूल्य आज 2014 की तुलना में काफी कम होने के बाद भी इन सभी चीजों का मूल्य में बेतहाशा वृद्धि कर जनता को लुटने का काम कर रही है। नेताओ ने कहा की यू पी ए सरकार के समय जब गैस का मूल्य 05 से 10 रुपया भी बढ़ता था , तो संसद से सड़क तक यही भाजपा के लोग, नंग, धड़ंग प्रदर्शन, कर हंगामा करते थे, लेकिन आज वही लोग सत्ता में रहने पर मूल्य वृद्धि वापस लेने के बजाय चुप्पी साधे हुए हैं, तथा आम जनता को अनर्गल बाते बोल बरगलाने तथा गुमराह करने का काम कर रहे है।

**भवदीय,विजय कुमार मिठू**







**शराब घोटाले में एक्सपोज हो चुके भ्रष्ट मंत्रिमंडल के मुखिया केजरीवाल ने कांग्रेस की शिकायत पर इडकजाँच झेल रहे मंत्री गहलोत को सजा की जगह इनाम दे दिया। खुद बिना विभाग के वर्षो से ईमानदारी की चादर ओढ़ गद्दी पर बैठे है। कांग्रेस ने प्रदर्शन कर उट केजरीवाल के इस्तीफ़े की माँग की।**



# एलपीजी गैस के मूल्यों में बढ़ोतरी करना जनविरोधी : मनीष चौबे

पटना । कांग्रेस दर्पण



बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सह प्रदेश प्रवक्ता मनीष कुमार चौबे ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा की देश अभी कोरोना जैसे महामारी से ठीक से उभर नहीं पाया है पहले से ही देश के लोगों महंगाई के बोझ तले दबे हुए हैं देश युवा बेरोजगारी से परेशान है देश के किसानों का आय आयदिन घटता जा रहा है सरकार नरेगा का बजट हर साल कम कर रहा हैं जिससे की मजदूरों को काम नही मिल पा रहा है कभी पेट्रोल कभी डीजल कभी खाद्य सामग्री में वृद्धि करके सरकार आए दिन देश के मध्यमवर्गीय और गरीब तब के लोगों पर बोझ बढ़ाने का काम कर रहा हैं ऐसी स्थिति में सरकार को देश के लोगों का मदद करना चाहिए तो सरकार मदद करने के बजाय ठीक उसके विपरीत जनविरोधी काम कर रही है एका एक एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में ?50 रुपए का वृद्धि करना सरकार का एक जनविरोधी नीति है और एक तरीके से कहा जाए तो देश के मध्यमवर्गीय गरीब तबके के लोगों पर जुल्म करने जैसा है भारत के महान पर्व होली में सरकार को कुछ देशवासियों को कुछ तोहफा देना चाहिए लेकिन ठीक उसके विपरीत मोदी सरकार देश के जनता का पैसा जेब से निकालने का काम कर रही है एक तरीके से कहा जाए तो यह सरकार जेब कतरों की सरकार है 350रुपया कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि करके सरकार गरीबों के थाली से निवाला छीनने का काम किया है हम लोग सरकार से हम मांग करते हैं की एलपीजी गैस सिलेंडर का दाम जल्द से जल्द कम किया जाए अगर सरकार इसी तरह जनता पर आए दिन बोझ डालती रहेगी तो भारत मे और भी ज्यादा भूखमरी बढ़ेगी

## 'मित्र काल' में बड़ी बेरहम हो गई है मोदी सरकार । मो. दिलकश खान

रसोई गैस 1,100 तो कॉमर्शियल सिलेंडर 2,100 रुपए के पार।

जनता पूछ रही है,

अब कैसे बनेंगे होली के पकवान,

कब तक जारी रहेंगे लूट के ये फ़रमान ?

LPGPriceHike कर लिए है बीजेपी सरकार





International Labour Organisation (ILO ) द्वारा 28/02/23 को काठमांडू में आयोजित रात्रिभोज में हमारे अभिभावक,मजदूरों के मसीहा, इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रदेश अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश सिंह जी.

## रसोई गैस में मूल्य वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

आज 01 मार्च 2023 को समय 03 बजे दिन में मोदी सरकार द्वारा घरेलू रसोई गैस में 50 रुपए एवं कमर्शियल गैस में 250 रुपए की मूल्यवृद्धि के खिलाफ जिला/नगर महिला कांग्रेस एवं खगड़िया जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा मोदी सरकार के खिलाफ जिला कांग्रेस कार्यालय से निकलकर खगड़िया शहर में विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

अतः खगड़िया के चैनल, प्रिंट, डिजिटल एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथियों से सादर अनुरोध है कि विरोध प्रदर्शन का कवरेज लेने का कष्ट करेंगे।

भवदीय

अरुण कुमार अधिवक्ता,

प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी,

जिला कांग्रेस कमिटी, खगड़िया।



**बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम पटना में मधुबनी जिला से आए कोंग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ Dr Akhilesh Prasad Singh जी को मधुबनी पेंटिंग, पग और शॉल देकर सम्मानित किया।**







# घरेलू LPG सिलेंडर 50 रुपये और कमर्शियल 350 रुपये महंगा हुआ